## कक्षा 3, हिन्दी

### संज्ञा

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | 'इमली' शब्द है–<br>(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम<br>(स) क्रिया (द) विशेषण | 308 | |
| 2 | शबाना को खेलना पसंद है।<br>रेखांकित शब्द है–<br>(अ) संज्ञा (ब) सर्वनाम<br>(स) क्रिया (द) विशेषण | 308 | |
| 3 | इनमें से संज्ञा शब्द है –<br>(अ) गिलास (ब) रोना<br>(स) खेलना (द) पढ़ना | 308 | |
| 4 | ''मैं तो मोटी बिल्ली हूँ।'' –<br>इस वाक्य में संज्ञा शब्द है–<br>(अ) मै। (ब) मोटी<br>(स) खेलना (द) हूँ | 38 | |
| | सहिल ने परात उठाई। उसने परात को उल्टा करके रख दिया। साहिल छोटा–सा बेलन ले आया। उसने परात पर पापड़ बेला। | | |
| 5 | इनमें से संज्ञा शब्द–<br>(अ) बेलन (ब) उल्टा<br>(स) छोटा–सा (द) उसने | 308 | |
| 6 | 'क्रिया' शब्द है–<br>(अ) छोटा सा (ब) परात<br>(स) ले आया (द) पापड़ | 308 | |
| 7 | 'विशेषण' शब्द है–<br>(अ) साहिल (ब) उसने<br>(स) छोटा–सा (द) परात | 308 | |

# हाथ की सफाई

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| | रेशमा – अरूण तुम कहाँ से आ रहें हो?<br>अरूण – रेशमा मैं खेलकर आ रहा हूँ।<br>रेशमा – चलो खाना खाते हैं।<br>अरूण – हाँ चलो<br>रेशमा – अरे अरे। तुमने हाथ धोये?<br>अरूण – नहीं<br>रेशमा – हाथ नहीं धोने से बीमार पड़ जाओगे।<br>अरूण – अरे कैसे?<br>रेशमा – हाथ नहीं धोने से पेट में कीटाणु चले जाते है क्योंकि गंदे हाथों में कीटाणु होते है। | | |
| 1 | रेशमा ने अरूण से सबसे पहले क्या पूछा –<br>(क) कहाँ जा रहे हो?<br>(ख) कहाँ से आ रहे हो?<br>(ग) क्या खा रहे हो?<br>(घ) क्या खेल रहे हों? | | |
| 2 | रेशमा के अनुसार हाथ कब धोने चाहिए?<br>(क) खाने से पहले<br>(ख) सोने से पहले<br>(ग) खेलने से पहले<br>(घ) पढ़ने से पहले | | |


| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | वार्तालाप के अनुसार हाथ न धोने से क्या हो सकता है?<br>(क) कीटाणु फैल जाते है।<br>(ख) कीटाणु पेट में चले जाते है।<br>(ग) कीटाणु खत्म हो जाते हैं।<br>(घ) कीटाणु इकट्ठे हो जाते हैं। | | |
| 4 | 'बीमार' का समानार्थी शब्द है–<br>(क) रोगी<br>(ख) निरोगी<br>(ग) कमजोर<br>(घ) दुःखी | | |
| 5 | रेशमा ने अरूण से 'अरे–अरे' क्यों कहा?<br>(क) खेलने से रोकने के लिए।<br>(ख) टी.वी. देखने के लिए।<br>(ग) खाना खाने से रोकने के लिए।<br>(घ) हाथ धोने के लिए। | | |
| 6 | रेशमा ने अरूण से क्या करने को कहा?<br>(क) खाना खाने के लिए।<br>(ख) खेलने के लिए।<br>(ग) हाथ धोने के लिए।<br>(घ) सोने के लिए। | | |

# रूपा और बादल

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| | एक दिन रूपा छत पर बैठी थी। वह आसमान की ओर देखकर कुछ सोच रही थी । रूपा को आसमान में उड़ता हुआ एक बादल दिखा, बादल उदास लग रहा था। रूपा ने पूछा–तुम उदास क्यों हो?<br>बादल बोला–आज मैं अकेला हूँ कोई साथ खेलने के लिए नहीं है।'' रूपा बोली अरे! मैं भी अकेली हूँ चलो आओ, आज हम दोनो मिलकर खेलें। बादल और रूपा मिलकर खेलने लगे। बादल इतना खुश था कि वह जोर–जोर से हँसने लगा हां हां हां ।<br>बादल के हँसने से पानी छलकने लगा। बरसात होने लगी। मैदान में पानी भर गया। रूपा ने कागज की नाव बनाई पानी में नाव तैरने लगी। रूपा और बादल बहुत खुश थे। | | |
| 1 | **कौन–कौन खेल रहे थे?**<br>(क) रूपा और आसमान (ख) आसमान और बादल<br>(ग) रूपा और बादल (घ) हवा और बादल | | |
| 2 | **रूपा ने कागज से क्या बनाया ?**<br>(क) हवाई जहाज (ख) फिरकी<br>(ग) तितली (घ) नाव | | |
| 3 | **रूपा को आसमान में उड़ता हुआ क्या दिखा ?**<br>(क) तारें (ख) बादल<br>(ग) पतंग (घ) पक्षी | | |
| 4 | **हँसते–हँसते का विलोम क्या होगा?**<br>(क) डरते–डरते (ख) रोते–रोत<br>(ग) सोते–सोते (घ) जगते–जगते | | |
| 5 | **रूपा और बादल क्या थे?**<br>(क) दोस्त (ख) रिश्तेदार<br>(ग) भाई–बहन (घ) पड़ौसी | | |
| 6 | **नीचे दिए गए शब्दों के आधार पर वाक्य पूरा कीजिए।**<br>**एक दिन रूपा .......................... पर बैठी थी।**<br>(क) घर (ख) मैदान<br>(ग) छत (घ) दुकान | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | **आसमान का समानार्थी शब्द हैं।**<br>(क) बादल (ख) आकाश<br>(ग) धरती (घ) जमीन | | |
| 8 | **वह आसमान की ओर देख रही थी।**<br>**इस वाक्य में "वह" शब्द निम्न में से क्या है।**<br>(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम<br>(ग) क्रिया (घ) विशेषण | | |
| 9 | **बादल का पर्यायवाची शब्द है।**<br>(क) मेघ (ख) आसमान<br>(ग) आकाश (घ) धरती | | |
| 10 | **कहानी में अतं में बादल के व्यवहार में क्या परिवर्तन हुआ?**<br>(क) खुश हुआ (ख) उदास हुआ<br>(ग) गंभीर हुआ (घ) गुस्सा हुआ | | |
| 11 | **बरसात कब शुरू हुई?**<br>(क) आसमान के हँसने से (ख) रूपा के हँसने से<br>(ग) बादल के हँसने से (घ) हवा के हँसने से | | |
| 12 | **कहानी में पहले क्या हुआ?**<br>(क) रूपा ने आसमान में उड़ता हुआ बादल देखा।<br>(ख) रूपा ने कागज की नाव बनाई।<br>(ग) रूपा और बादल बहुत खुश थे।<br>(घ) रूपा छत पर बैठी थी। | | |

# वचन

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 |  का बहुवचन है –<br>(अ) मौसियाँ (ब) मछलियाँ<br>(स) मक्खियाँ (द) मामियाँ | | |
| 2 | 'बेटा' का बहुवचन है–<br>(अ) बेटे (ब) बेटू<br>(स) बेटी (द) बेटियों | | |
| 3 | मालाएँ शब्द का एक वचन है –<br>(अ) माल (ब) मलबा<br>(स) माला (द) मलाल | | |
| 4 | खिलौने शब्द का एक वचन है –<br>(अ) खिलौना (ब) खेलना<br>(स) खेल (द) खिलाना | | |
| 5 | 'बालक पढ़ता है' वाक्य का बहुवचन है<br>(अ) बालक पढ़ाते हैं (ब) बालक पढ़ते हैं।<br>(स) बालक पढ़गें। (द) बालक पढ़ा। | | |
| 6 | कमरा का बहुवचन है<br>(अ) कमर (ब) कमरे<br>(स) कनेर (द) कचरा | | |
| 7 | 'हाथी आता है'। का बहुवचन है<br>(अ) हाथी आया। (ब) हाथी आते हैं।<br>(स) हाथी आएँगे। (द) हाथी आ रहा है। | | |

## कहानी

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| | दीप और आशु अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। अचानक आशु ने एक पत्थर उठाकर वहाँ घूम रहे कुत्ते पर दे मारा। कुत्ता ''कूँ– कूँ' करता हुआ दूर भाग गया।<br>दीप ने कहा ''आशु तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था, यह गलत बात है।'' आशु ने दीप की बात को अनुसना कर दिया।<br>खेल के दौरान अचानक बॉल आकर आशु को लगी, वह दर्द से कराह उठा । खेल समाप्त होने पर आशु ने दीप से कहा – '' दोस्त, वाकई मुझे कुत्ते को पत्थर नहीं मारना चाहिए था। बॉल लगने से जो दर्द हुआ इससे मुझे यह बात समझ में आई। अब मैं ऐसा कभी नहीं करूँगा।'' | | |
| 1 | **बच्चे क्या खेल रहे थे ?**<br>(क) फुटबॉल (ख) क्रिकेट<br>(ग) बॉलीबाल (घ) कबड्ड़ी | | |
| 2 | **दीप ने किस बात को गलत बताया?**<br>(क) क्रिकेट खेलने को।<br>(ख) दूसरे की बात न सुनने को।<br>(ग) बॉल तेज फेकने को।<br>(घ) कुत्ते को पत्थर मारने को। | | |
| 3 | **आशु के कथन– ''अब मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा।'' में क्या नहीं करने की बात है?**<br>(क) क्रिकेट नहीं खेलने की।<br>(ख) दोस्तों से बात नहीं करने की।<br>(ग) कुत्ते को पत्थर नहीं मारने की।<br>(घ) बॉल तेज नहीं फेंकने की। | | |
| 4 | **इस कहानी का मुख्य संदेश क्या है?**<br>(क) जीवों पर दया।<br>(ख) खेलों का महत्व।<br>(ग) सबका सम्मान।<br>(घ) बड़ों की बात सुनना। | | |

**6. गुब्बारे में अलग से सूचनाएँ क्यों दी गई है?**

(क) अवश्य आने के लिए

(ख) खुशखबरी देने के लिए

(ग) गिफ्ट लाने के लिए

(घ) समय पर आने के लिए

**7. 'आओगे न '............! ऐसा क्यों लिखा गया है?**

(क) जरूर आने के लिए

(ख) नहीं आने के लिए

(ग) जल्दी आने के लिए

(घ) बार–बार आने के लिए

**8. यह किस प्रकार की पठन सामग्री है?**

(क) कविता

(ख) कहानी

(ग) समाचार पत्र

(घ) निमंत्रण पत्र

**9. 'कल' का विलोम शब्द है–**

(क) परसों

(ख) अभी

(ग) आज

(घ) अब

**10. 'आना' का विलोम शब्द है–**

(क) जाना

(ख) रहना

(ग) भागना

(घ) रुकना

# विलोम शब्द

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | 'ऊपर' का विलोम शब्द है–<br>अ) ऊँचा<br>ब) नीचे<br>स) इधर<br>द) दूर | | |
| 2 | विलोम शब्दों की कौन सी जोड़ी सही है?<br>अ) अच्छा–थोड़ा<br>ब) आज–अभी<br>स) अमीर–गरीब<br>द) अधिक–ज्यादा | | |
| 3 | 'पुराना' का विलोम शब्द है–<br>अ) प्राचीन<br>ब) नया<br>स) नवीन<br>द) आरंभ | | |
| 4 | 'कमजोर का विलोम शब्द है–<br>अ) हिम्मतवाला<br>ब) ताकतवर<br>स) दुर्बल<br>द) बहादुर | | |

# लिंग

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | 'हाथी' का स्त्रीलिंग शब्द है–<br>अ) घोड़ी<br>ब) गिलहरी<br>स) हथिनी<br>द) लोमड़ी | | |
| 2 | 'गाय' का पुल्लिंग शब्द है–<br>अ) बैल<br>ब) भैंसा<br>स) शेर<br>द) चीता | | |
| 3 | स्त्रीलिंग शब्द है–<br>अ) दरवाजा<br>ब) आदमी<br>स) घड़ा<br>द) शेरनी | | |
| 4 | पुल्लिंग शब्द है–<br>अ) बूढ़ी<br>ब) कुर्सी<br>स) बालक<br>द) खिड़की | | |
| 5 | ''गाय एक पालतू पशु है।''<br>वाक्य में स्त्रीलिंग शब्द है–<br>अ) गाय<br>ब) एक<br>स) पालतू<br>द) पशु | | |




व्याकरण





## शुद्ध अशुद्ध शब्द








| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | **सही शब्द कौन सा है?**<br>(क) खूश<br>(ख) निरास<br>(ग) चुहा<br>(घ) पंख | | |
| 2 | **सही शब्द कौन सा है?**<br>(क) स्वंतत्र<br>(ख) स्वतत्रं<br>(ग) स्वतंत्र<br>(घ) स्वतत्र | | |
| 3 | **सही शब्द कौन सा है?**<br>(क) पुर्णमासी<br>(ख) पूणर्मासी<br>(ग) पूर्णमासि<br>(घ) पूर्णमासी | | |
| 4 | **सही शब्द कौन सा है?**<br>(क) आश्चर्य<br>(ख) आर्श्चय<br>(ग) आसचर्य<br>(घ) आषचर्य | | |
| 5 | **सही शब्द कौन सा है?**<br>(क) पूनरावृत्ति<br>(ख) पुनरावृत्ति<br>(ग) पुनरावृति<br>(घ) पुनरावृत्ती | | |
| 6 | **सही शब्द कौन सा है?**<br>(क) होसियार<br>(ख) होशीयार<br>(ग) होसीयार<br>(घ) होशियार | | |








| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | **'हवाई जहाज असमान में उड़ रहा है।'इस वाक्य में अशुद्ध शब्द कौन सा है।**<br>(क) जहाज<br>(ख) असमान<br>(ग) हवाई<br>(घ) उड़ | | |
| 8 | **मोहन <u>प्रतीदिन</u> शाला जाता है। वाक्य में रेखांकित शब्द को सही करें–**<br>(क) प्रतिदिन<br>(ख) प्रतिदीन<br>(ग) प्रतीदीन<br>(घ) पृतिदिन | | |

# चित्र से शब्द

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | यह चित्र किसका है ?<br><br>क जग का<br>ख गिलास का<br>ग मग का<br>घ बोतल का<br> | | |
| 2 | यह ........ का चित्र है<br><br>क भालू<br>ख शेर<br>ग बिल्ली<br>घ लोमड़ी<br> | | |
| 3 | कुत्ते की .......... नहीं है<br>क पैर<br>ख कान<br>ग हाँथ<br>घ आँख<br> | | |
| 4 | बिल्ली की पूँछ कैसी है ?<br>बिल्ली का चित्र जिसकी पूँछ मोटी है<br><br>क मोटी<br>ख छोटी<br>ग पतली<br>घ सीधी | | |
| 5 | लड़की क्या पकड़ रही है ?<br>मछली पकडती लड़की का चित्र<br><br>क मेढ़क<br>ख कछुआ<br>ग बतख<br>घ मछली | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | टोकरी में से कौन सी चीज लिखने के काम आती है ?<br>क बस्ता<br>ख किताब<br>ग पेन्सिल<br>घ स्केल<br>एक टोकरी का चित्र जिसमें किताब, पेंसिल, ओर बस्ता रखा हुआ हो | | |
| 7 | लड़कियाँ क्या खेल रहीं हैं ?<br><br>क फुटबाल<br>ख क्रिकेट<br>ग कब्बडी<br>घ खो – खो | | |
| 8 | रसोई में कौन सी चीज मिलेगी ?<br><br>क<br><br>ख<br><br>ग<br><br>घ | | |
| 9 | इसका उपयोग कौन करता है ?<br><br>क शिक्षक<br>ख दर्जी<br>ग बढ़ई<br>घ डॉक्टर | | |
| 10 | बच्चे क्या कर रहे हैं ?<br>क आम खा रहें है<br>ख आम तोड़ रहे हैं<br>ग जाम तोड़ रहे हैं<br>घ जाम खा रहें हैं | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | कौन सी चीज खेलने की है ?<br>   <br>क ख ग घ | | |
| 12 | खेती के काम में कौन आता है ?<br> <br>क ख<br> <br>ग घ | | |
| 13 | मशीन से क्या काम करते हैं ?<br>क कपड़े सिलते हैं<br>ख कपड़े प्रेस करते हैं<br>ग कपड़े धोते हैं<br>घ कपड़े काटते हैं<br> | | |
| 14 | इस चित्र में लड़की क्या कर रही है ?<br>क आइना देख रही है<br>ख खिड़की से झाँक रही है<br>ग पूजा कर रही है<br>घ फोटो देख रही है<br>दिवार पर लगी किसी बच्चे की फोटो देखती हुई लड़की | | |
| 15 | लड़का क्या कर रहा है?<br>क नाच रहा है<br>ख खेल रहा है<br>ग चिढ़ा रहा है<br>घ सो रहा है<br> | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **16** | चाय किससे छानते हैं ?<br><br>अ<br><br>ब<br><br>स<br><br>द | | |
| **17** | सब्जी किसमें खरीद कर लाओगे ?<br><br>क<br><br>ख<br><br>ग<br><br>घ | | |

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| | **नीचे दी गई कविता को पढ़ो –**<br><br>सीख हवा के झोकों से लो, कोमल भाव बहाना।<br>दूध तथा पानी से सीखो, मिलना और मिलाना।<br>सूरज की किरणों से सीखो, जगना और जगाना।<br>लता और पेड़ों से सीखो, सबको गले लगाना।<br><br>**अब नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ–** | | |
| 1 | जगने और जगाने का संदेश हमें कौन देता है ?<br>अ. तारे की चमक ब. सूर्य की किरणे<br>स. पृथ्वी का आकार द. चंद्रमा की शीतलता | | |
| 2 | दूध तथा जल से हम क्या सीख सकते हैं ?<br>अ. मिलना–मिलाना ब. कोमल भाव बहाना<br>स. सबको गले लगाना द. जगना और जगाना | | |
| 3 | हवा का शब्दार्थ होता है –<br>अ. धरा ब. जलधी<br>स. पवन द. तुरंग | | |
| 4 | जगने शब्द से बना है जगाना तो बहने से क्या बनेगा ?<br>अ. बहना ब. बाहाना<br>स. बहाना द. बाहन | | |
| 5 | दी गई कविता में हमें कौन–कौन सिखाते हैं –<br>अ. हवा, दूध, पानी ब. दूध, पानी, तारे<br>स. लता, पेड़, मिट्टी द. हवा, पेड़, तेल | | |
| 6 | ''पेड़'' शब्द का समानाथी शब्द है –<br>अ. रास्ता ब. दीपक<br>स. फूल द. तरू | | |
| 7 | ''जगाना'' का समान तुक वाला शब्द है –<br>अ. उठना ब. जगना<br>स. लगाना द. लगना | | |

| क्र. | प्रश्न | LOs | कठिनाई स्तर |
|---|---|---|---|
| | **नीचे दी गई कविता को पढ़ो –**<br>मीठे होते आम रसीले, पके – पके और पीले – पीले।<br>मीठे सेव, संतरे गोल, सबसे मीठे, मीठे बोल।।<br>मीठा होता गुलगुल भजिया, गरम जलेबी सबसे बढ़िया।<br>मीठे रसगुल्ले अनमोल, सबसे मीठे, मीठे बोल।<br><br>**अब नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ–** | | |
| | इनमें से बसबसे अलग कौन है?<br>अ. खीर ब. रसगुल्ले<br>स. जलेबी द. सेव | | |
| | कविता में मीठे बोल से आशय है–<br>अ. मीठा खाकर बोलना ब. नम्रता से बोलना<br>स. बढ़ाई करना द. चापलूसी करना | | |
| | ''पके'' का विपरीत शब्द है–<br>अ. कच्चे ब. आधे पके<br>स. आधे कच्चे द. सड़ा हुआ | | |
| | | | |
| | | | |

'मिठे रसगुल्ले अनमोल' में अनमोल का आशय है–

अ. जिसकी कीमत अधिक हो

ब. जिसकी कीमत चुकाई जा सके

स. जो महंगी हो

द. जिसकी कीमत न ऑकी जा सके

कविता में ''सबसे मीठा'' किसे कहा गया है–

अ. मीठे आम ब. मीठा खीर

स. मीठे बोल द. मीठे रसगुल्ले

''गोल'' शब्द का उपयोग कतिा में किसके लिए किया गया है–

अ. आम ब. सेव

स. संतरा द. भजिया

इनमें से कौन–सी चीज हाथ से बनाई जाती है–

अ. कुल्फी

ब. संतरा

स. सेव

द. आम

**नीचे दी गई कहानी को पढ़ो –**

एक दिन की बात है। रानी मक्खी छत्ते से बाहर निकलते ही नदी में गिर गई। उसने पानी से निकलने का बहुत प्रयत्न किया, पर वह निकल न सकी। वह नदी की धारा में बहने लगी। नदी के किनारे एक कबूतर पानी पी रहा था। उसे मक्खी पर दया आई। वह उसे बचाने की बात सोचने लगा। अचानक उसे एक उपाय सूझा। वह तेजी से उड़कर पेड़ के नीचे पहुँच गया। पेड़ के नीचे से वह सूखा पत्ता लेकर उसने अपनी चोंच में दबाया और नदी के किनारे–किनारे उड़ने लगा। थोड़ी ही दूर पर उसे रानी मक्खी दिखाई दी। उसने पत्ता मधुमक्खी के बिल्कुल आगे डाल दिया। मक्खी पत्ते पर चढ़ गई पत्ता धी–धीरे किनारे से लग गया। रानी मधुमक्खी डूबने से बच गई।

**अब नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ –**

नदी में कौन गिर गई–

अ. कबूतर

ब. रानी मधुमक्खी

स. सूखी पत्ती

द. पेड़ की डाली

कबूतर ने रानी मधुमक्खी को डूबने से बचाने की बात क्यों सोची?

अ. उसे रानी मधुमक्खी पर दया आ गई

ब. रानी मधुमक्खी उसकी दोस्त थी

स. रानी मधुमक्खी बहुत शक्तिशाली थी

द. कबूतर को तैरना आता था

कबूतर ने सूखा पत्ता ही क्यों उठाया–

अ. उसे और कुछ नहीं मिला

ब. सूखा पत्ता पानी में आसानी से तैरता है

स. वह कंकड़ नहीं उठा पाया

द. उसे बहुत जल्दी थी

रानी मधु मक्खी ने सूखे पत्ते का क्या किया

अ. उसे खा गई

ब. उसे तोड़ दिया

स. उस पर चढ़ गई

द. उसे डुबो दिया

कबूतर ने सूखा पत्ता कहाँ से उठाया–

अ. पेड़ के ऊपर

ब. पेड़ के नीचे

स. नदी के किनारे

द. नदी से

कहानी में हम दयावान किसे कहेंगे–

अ. कबूतर ब. रानी मक्खी

स. सूखा पत्ता द. पेड़

रानी मधुमक्खी कहाँ रहती थी–

अ. नदी में ब. पेड़ पर

स. छत्ते में द. बिल में

''पेड़ के नीचे से एक सूखा पत्ता लेकर उसने अपनी चोंच में दबाया'' इस वाक्य में सूखा शब्द किसकी विशेषता बता रहा है–

अ. पेड़ ब. पत्ता

स. चोंच द. अपनी

''नदी'' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

अ. सदियाँ ब. नदियाँ

स. कमियाँ द. खामियाँ

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ो –**

आदिमानव काल में लोगों को आग की जानकारी नहीं थी। काफी समय बाद उन्होंने पत्थर रगड़कर आग जलाना सीखा। आग की जानकारी होने पर उन लोगों ने मांस भूनकर खाना शुरू किया। आग जलाकर वे जानवरों से अपनी रक्षा भी करते थे। उस समय आदिमानव एक स्थान से दूसरे सनि पर घूमते रहते थे। वे पत्थरों के हथियार प्रयोग में लागते थे। वे फलों को खाकर उनके बीज फेंक देते थे। उन्होंने नए पौधे उगते देखे। धीरे–धीरे उन्होंने खेती करना सीख लिया। कई कार्यों में अपनी सहायता के लिए उन्होंने जानवरों से सहायता लेना शुरू किया। खेती प्रारंभ करने पर, फसल लेने से काटने तक उनको एक जगह रहना पड़ता था। इस तरह गाँव बसने लगे। उसके बाद आदि मानव ने पहिए की खोज कर ली। बाद में उन लोगों को धातु का ज्ञान हुआ। वे लोहे, पीतल के हथियार और बर्तन बनाने लगे। गुफाओं में रहते हुए उन्होंने चित्र बनाना शुरू कर दिया।

**अब नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ –**

यह कहानी मुख्य रूप से किसके बारे में है –

अ. आग ब. खेती

स. आदिमानव द. धातु

आदिमानव आग कैसे जलाया करते थे?

अ. पत्तियाँ रगड़कर ब. पत्थर रगड़कर

स. धातु रगड़कर द. लकड़ियाँ रगड़कर

कहानी के अनुसार गुफाओं में रहते हुए आदिमानव ने क्या बनाना शुरू कर दिया–

अ. चिल ब. आग

स. कपड़े द. पहिए

आदिमानव धातु से क्या बनाने लगे–

अ. बर्तन	ब. पेड़
स. पेन	द. पुस्तक

कहानी के अनुसार आदिमानव आग में भूनकर क्या खाना शुरू किया?

अ. कंद–मुल	ब. फल
ब. फसल	द. कच्चे मांस

''वे लोहे, पीतल ............ हथियार और बर्तन बनाने लगे–

अ. पर	ब. में
स. ऊपर	द. के

कहानी के अनुसार आदिमानव कहाँ रहा करते थे–

अ. नदियों में	ब. गुफाओं में
स. पहाड़ों में	द. मैदानों में

धातु के ज्ञान से पहले आदिमानव किससे बने हथियार प्रयोग करते थे–

अ. पत्थर	ब. लोहे
स. पीतल	द. काँच

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ो –**

हाथी की गिनती संसार के सबसे बड़े पशुओं में होती है। हाथी के नवजात बच्चे की ऊँचाई लगभग एक मीटर और वजन 90 किलोग्राम तक होता है। बड़े हाथी का वजन तो इससे कई गुना अधिक होता है। इसकी ऊँचाई लगभग तीन मीटर होती है।

तुमने हाथी की लंबी सूँड़ देखी होगी। यह वास्तव में हाथी की नाक है। इससे हाथी कई काम करता है। वह अपनी सूँड़ से भारी चीजों को आसानी से उठा लेता है। वह महावत को भी अपनी सूँड़ से उठाकर अपनी पीठ पर बैठा लेता है। किसी चीज को तोड़ने, फोड़ने एवं खाने में उसकी सूँड़ हमारे हाथ जैसा काम करती है।

**अब नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ –**

यह रचना है–

अ. कहानी	ब. वर्णन
स. समाचार	द. जानकारी

हाथी की गिनती किन पशुओं में की जाती है–

अ. संसार के सबसे बड़े पशुओं में
ब. संसार के सबसे छोटे पशुओं में
स. संसार के सबसे लम्बे पशुओं में
द. संसार के सबसे पतले पशुओं में

हाथी के बच्चे का वनज लगभग कितना होता है?

अ. 5 किलोग्राम | ब. 90 किलोग्राम
स. 10 किलोग्राम | द. 25 किलोग्राम

हाथी की सवारी करने वाले को क्या कहते हैं?

अ. महावत | ब. ग्वाला
स. चरवाहा | द. शिकारी

हाथी अपने किस अंग से सामान उठाता है?

अ. पैर | ब. सूँड़
स. पूँछ | द. दाँत

बड़े हाथी का वजन नवजात हाथी से कितना अधिक होता है?

अ. दो गुना | ब. तीन गुना
स. कई गुना | द. चार गुना

दूसरे अनुच्छेद में हाथी के किस अंग की बात की गई है?

अ. हाथ | ब. पैर
स. सिर | द. सूँड़

पशु का बहुवचन क्या होगा?

अ. पशुओं | ब. पक्षी
स. जंतु | द. जीव

''सूँड वास्तव में हाथी .......... नाक है।''

अ. से | ब. पर
स. की | द. के

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़ो –**

मेरा नाम महानदी है। गंगा, यमुना, गोदावरी एवं नर्मदा की तरह मैं भी एक प्राचीन, पवित्र नदी हूँ। बच्चों! क्या तुम जानते हो कि तुम सभी की तरह मेरी जन्मभूमि भी छत्तीसगढ़ ही है। धमतरी जिले में नगरी नामक कस्बा है। इसके पास ही सिहावा पर्वत में मेरा जन्म हुआ। इसी पर्वत की ढलानों में खेलते–कूदते मैं बढ़ती रही और धीरे–धीरे नीचे मैदान में उतर आई।

**अब नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर गोला लगाओ –**

''बच्चों! क्या तुम जानते हो कि तुम सभी की तरह मेरी जन्मभूमि भी छत्तीसगढ़ ही है।'' वाक्य में रेखांकित चिह्न है–

अ. प्रश्नवाचक | ब. विस्मय सूचक
स. पूर्ण विराम | द. अल्प विराम

उपरोक्त लेख में सिहावा नाम किसका है?

अ. पर्वत | ब. नदी

स. खेत
द. मैदान

यह किस प्रकार का लेख है–

अ. आत्मकथा
ब. निबंध

स. संस्मरण
द. कहानी

महानदी का जन्म कहाँ हुआ?

अ. हिमालय पर्वत
ब. सिहावा पर्वत

स. द्रोण पर्वत
द. विध्यांचल पर्वत

''धमतरी जिले ........... नगरी नामक कस्बा है।''